PRINT

# हिंदुस्तान (Hindustan)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 196800 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 15.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 4/12 | क्रम सं. (Serial No.) 3 |


## सीआईएसएफ के खिलाड़ी सम्मानित



नई दिल्ली। अमेरिका के बर्मिंघम में 66 पदक जीतकर भारत लौटे सीआईएसएफ के खिलाड़ियों को मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने सम्मानित किया। उन्होंने इन खिलाड़ियों के प्रयासों की जमकर सराहना की और अन्य खिलाड़ियों को भी इससे प्रेरणा लेने की सलाह दी। सीआईएसएफ के मुख्य प्रवक्ता अजय दहिया ने बताया कि बल खेल भर्ती अभियान के माध्यम से 433 होनहार खेल प्रतिभाओं की भर्ती करेगा।

## सीआईएसएफ अब पदक विजेता तैयार करेगा

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सोमवार को कहा कि वह 'बेहतर प्रदर्शन' करने वाले एथलीटों और खिलाड़ियों को प्रशिक्षित और तैयार करने के लिए कुछ कदम उठा रहा है, जो ओलंपिक सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक ला सकें। लगभग 1.80 लाख कर्मियों की संख्या वाला केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) इस साल अपनी 'सबसे बड़ी' खेल टुकड़ी की भर्ती करने की प्रक्रिया में है। यह बल इससे उत्साहित है कि उसके खिलाड़ियों ने 2024-25 में 159 पदक जीते।